कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम म.प्र.

924

दिनांक 17–11–2020

बैठक कार्यवृत दिनांक 17–11–2020

दिनांक 17–11–2020 को अपराह्न 4.00 बजे विकास शाखा, संपत्तिकर विभाग व राजस्व वि0 हेतु निगम समागृह में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1– श्री विकास सोलंकी, प्र0 उपायुक्त,

2– श्रीमती ज्योति सुनारिया, सहायक आयुक्त,

3– श्रीमती नीता जैन सहायक आयुक्त,

4– श्री सुरेशचन्द्र व्यास–प्र0कार्यपालन यंत्री,

5– श्री एम.के. जैन प्र0कार्यपालन यंत्री, विकास शाखा,

6– श्री विकाससिंह मरकाम, उपयंत्री

7– श्री रामचन्द्र शर्मा–प्र0कार्यालय अधीक्षक,

8– श्री हेमन्त बन्दोड़िया, स्थायीकर्मी,

एवं विकास शाखा, सम्पत्तिकर व राजस्व वि0 का सहयोगी स्टाफ.

नगर पालिका निगम
रतलाम (म.प्र.)
आवक क्रमांक..............
दिनांक..............

बैठक में सर्वप्रथम समस्त सहयोगी स्टाफ द्वारा अपना परिचय देते हुए अपने द्वारा किये जाने वाले कार्य के बारे में बताया गया ।

बैठक के दौरान यह पाया गया कि कुछ कर्मचारी मास्क लगाकर के बैठक में नहीं आये हैं व करीब 10 लोगों के पास मास्क नहीं है जिस पर उन्हें निर्देशित किया गया कि पूरा शहर सुरक्षित रहे इस हेतु सभी मास्क पहनकर आयें । जो नियमों का पालन नहीं करेंगे हम उन्हें नौकरी से हटा देंगे। चाहे मस्टर कर्मचारी हों या नियमित कर्मचारी हों उन्हें नियमों के अनुसरण में कार्य करना होगा। नगर निगम की जवाबदारी होती है कि शहर को स्वस्थ रखे।

सम्पत्तिकर, राजस्व एवं विकास शाखा ये सभी विभाग नगर निगम को राजस्व देते हैं । हमें संस्था को आगे बढ़ाना है ।

2017 में म0प्र0 शासन ने ई–नगरपालिका प्रोजेक्ट लागू करके सारे कार्यो को आनलाईन कर दिया है और यहां सभी आनलाईन काम होंगे। जिस प्रकार से बिल्डिंग परमिशन आनलाईन होती है उसी प्रकार से नामान्तरण भी आनलाईन होंगे। S.O.P.

(Standard operating process) पोर्टल आटोमेटिक चालू हो जाएगा व नामान्तरण भी होंगे । जितने भी काम होंगे आनलाईन चलेंगे, इसमें सबको यह भी ध्यान रखना है कि 3–4 दिन में पोर्टल पर काम चालू करा देंगे । रतलाम पूरे प्रदेश में पहला शहर बन गया है जो अचल संपत्ति अन्तरण नियम का आनलाईन उपयोग करेगा । हमें रतलाम नगर निगम को टाप पर लाना है । किसी भी स्थिति में संस्था का कार्य खराब न हो । हमारा नामान्तरण का आफलाईन सिस्टम आनलाईन होगा तो इसे कैसे सिस्टम में लाना है, सारे पेमेंट भी आनलाईन जमा कराना है व रसीद भी आनलाईन दी जायगी। इस हेतु हम लोगों को कैसे ट्रेन्ड करें कि वे आनलाईन टेक्स जमा करें. 2 लाख के आसपास बल्क एसएमएस हम खरीद रहे हैं।

विकास शाखा, संपत्तिकर विभाग एवं राजस्व विभाग के अन्तर्गत सम्पत्ति बाबत किसकी और कितनी–कितनी राशि निकाय द्वारा लेना बकाया है व कब तक इसे जमा करवाया जाना है तत्संबंधी अपने विभाग की जानकारी एक सप्ताह में (17–11–2020 को अपरान्ह 4.00 तक बैठक में) प्रस्तुत करें ।

इस दौरान श्रीमती नाहिद नगमा सहायक वर्ग–3 द्वारा विकास शाखा में कंप्यूटर सिस्टम व कंप्युटर आपरेटर नहीं होने संबंधी बात रखी गई, जिस पर श्री रामचन्द्र शर्मा प्र0कार्यालय अधीक्षक को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया कि शर्मा जी इसे नोट कर लें।

(सोमनाथ झारिया) 17/11/2020
आयुक्त
नगरपालिक निगम.रतलाम

पृ0क्र0/ 924/10 /नि.स./2020, रतलाम, दिनांक 17–11–2020

प्रतिलिपि,

1– कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगरपालिक निगम.रतलाम की ओर अवलोकनार्थ ।
2– श्री विकास सोलंकी प्र0उपायुक्त, नगर पालिक निगम–रतलाम ।
3– श्री भविष्यकुमार खोब्रागड़े, प्र0उपायुक्त, विकास शाखा नगरपालिक निगम.रतलाम.
4– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, जलप्रदाय, नपानि रतलाम,
5– श्री एम.के. जैन, प्र0कार्यपालन यंत्री–विकास शाखा, नपानि–रतलाम,
6– श्रीमती नीता जैन, सहायक आयुक्त, नपानि–रतलाम,

ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सही/
आयुक्त
नगरपालिक निगम.रतलाम